
# चुड़ैल का सूप



टोनी


# चुड़ैल का सूप





एक दिन एक लड़का जंगल में घूमने गया. वहां उसने चिड़ियों को उड़ते और गिलहरियों को छलांग लगाते हुए देखा. वहां पक्षी एक-दूसरे को गाने सुना रहे थे. वहां उसने बहते ठंडे झरने के साफ़ पानी में रुपहली मछलियां देखीं.

अंत में लड़का एक विशालकाय के पेड़ की जड़ों के पास पहुंचा.
वहां एक छोटा भूरे रंग का घर था.
उसने दरवाजा खटखटाया.



दरवाजा एक बदसूरत बूढ़ी औरत ने खोला. उसकी नाक बाईं ओर मुड़ी थी.
"माफ करें," लड़के ने कहा. "मैं एक लंबा रास्ता तय करके आया हूं,
और मैं बहुत प्यासा हूं. कृपा मुझे कुछ पानी दें, प्लीज?"
यह सुनकर बूढ़ी औरत अपने मुँह के दाहिने हिस्से से मुस्कुराई.
"ज़रूर, ज़रूर," उसने जवाब दिया. "अन्दर आओ!"



जैसे ही छोटा लड़का अंदर गया, बुढ़िया बुरी तरह से खिलखिलाकर हंसी.
"अरे मूर्ख छोटे हंस!" वो बोली. "क्या तुम नहीं जानते कि मैं जंगल की चुड़ैल हूँ!"
चुड़ैल ने खुशी से अपने हाथ रगड़े. "और अब जब मेरे पास इतना अच्छा मोटा
लड़का है," उसने कहा, "आज रात के खाने में मैं इस लड़के का सूप बनाऊंगी.
मैं अब उसकी तैयारी करने जा रही हूं!"



"मुझे वो अच्छा नहीं लगेगा!" लड़के ने कहा.

चुड़ैल हँसी और चिल्लाई.

"क्या तुम जानना चाहते हो कि वो सूप कैसे बनेगा?" उसने पूछा.

"यह रही उसकी रेसिपी :


गाजर, प्याज, और आलू,

मटर और सेम और तीन टमाटर,

जादू की जड़ी-बूटियाँ जैसे अलसी और मेथी,

और एक स्वादिष्ट छोटा लड़का!"





उसके बाद चुड़ैल ने चूल्हे में आग लगाई
और उबलने के लिए उस पर एक केतली लटका दी.
"इधर आओ, लड़के!" उसने आज्ञा दी. "बस वहाँ खड़े मत रहो!
कुछ काम करो! गाजर काटो! प्याज काटो! प्याज को पहले छीलो!
आलू छीलो! मटर छीलो! हरी बीन्स को छोटा-छोटा काटो! टमाटर काटो!
टेबल सेट करो! प्याले मेरी अलमारी में रखे हैं! चम्मच दाएं हाथ पर
रखना!"









लड़का सूप नहीं बनना चाहता था!

इसलिए उसे कुछ सोचना और करना था. वो भी बहुत जल्दी.

"माफ़ करें," लड़के ने कहा. "गुस्ताखी माफ़ हो!

लेकिन मुझे यकीन हो रहा नहीं है कि आप वाकई में एक चुड़ैल हैं."

बुढ़िया ने अपनी आँखें गोल-गोल घुमाईं.

"मैं चुड़ैल नहीं हूँ?" वो चिल्लाई. "बेशक मैं एक चुड़ैल हूँ, मेरे मोटे खरगोश!"

"पर चुड़ैलें खुदको अलग-अलग रूपों में बदल सकती हैं," लड़के ने कहा.

"यदि आप एक असली चुड़ैल हैं, तो आप खुदको एक हाथी में बदलकर दिखाएं."

बुढ़िया ज़ोर से घुर्राई.

फिर, मूंगफली की तरह की गंध वाला एक धुआं उठा और चुड़ैल एक झुर्रियों वाले सिलेटी रंग के हाथी में बदल गई. हाथी ने अपने कान फड़फड़ाए और अपनी सूंड लहराता हुआ वो कमरे में बाईं ओर मुड़ा.

जोर से चिल्लाते हुए, हाथी ने कमरे का चक्कर लगाया और फिर वो वापस चुड़ैल में बदल गया.









"वो तुम्हें कैसा लगा?" बूढ़ी औरत ने शरारती निगाहों से लड़के से पूछा.
अब लड़के को पता चला कि वो वास्तव में जंगल की दुष्ट चुड़ैल थी.
लेकिन लड़के ने उससे ऐसा नहीं कहा. लड़का भी चालाक था!
"मुझे लगता है कि वो आपकी एक चाल थी," लड़के ने चुड़ैल से कहा.
"अड़ियल मनहूस!" चुड़ैल ने उसे डाँटा. "तुम्हें उबालकर शायद स्वादिष्ट सूप भी न बने!"


"अगर आप खुद को बंदर में बदल सकें," लड़के ने कहा, "तो मुझे विश्वास होगा कि आप एक असली चुड़ैल हैं."

"इसमें क्या बड़ी बात है!" चुड़ैल ने झांसा दिया.

फिर केले की तरह गंध वाले पीले धुएं के एक कश में चुड़ैल एक बंदर में बदल गई. बंदर ने मेज पर दो-चार कलाबाज़ियां लगाईं और फिर वापस चुड़ैल में बदल गया.








चुड़ैल ने कहा, "क्या अब तुम्हें यकीन हुआ कि मैं वकाई में एक असली चुड़ैल हूँ?"
छोटा लड़का अब पक्की तौर पर जानता था कि बूढ़ी औरत एक असली चुड़ैल थी.
लेकिन फिर भी उसने उसे अपने दिल की बात नहीं बताई.
"मैं अब आप पर कुछ-कुछ विश्वास कर रहा हूं," उसने कहा. "लेकिन अभी भी पक्की तौर पर नहीं. आपको एक काम और करना होगा ताकि मुझे पक्की तौर पर यकीन हो कि आप मुझे धोखा नहीं दे रही हैं."
चुड़ैल चिल्लाई और अपने दाहिने पैर पर कमरे में चारों ओर कूदी.
"बेवकूफ, पागल! गधे!" चुड़ैल ने हंगामा किया. "तुम एक भयानक दुष्ट चुड़ैल को देखने के बाद भी नहीं पहचानते!"

लड़के के पास अब एक आखिरी मौका बचा था. उसने बहुत ध्यान से सोचा. "केवल एक चुड़ैल ही खुदको एक मक्खी में बदल सकती है," उसने आखिर में कहा. "अगर आप खुदको एक मक्खी में बदलकर दिखाएं, तो मुझे पक्का विश्वास होगा कि आप वाकई में एक असली चुड़ैल हैं."

"एक मक्खी!" चुड़ैल चिल्लाई. "यह क्या मज़ाक है!"


फिर एक धब्बेदार धुआं उठा जिसमें से पके सेब की बदबू आई.

फिर चुड़ैल एक हरे रंग की मक्खी में बदल गई और मेज पर बैठ गई.



लड़के ने उछलकर चुड़ैल की झाड़ू पकड़ी. उसने कसकर झाड़ू से मक्खी को मार डाला! इस तरह जंगल की उस दुष्ट चुड़ैल का अंत हुआ!





उस दोपहर को जब लड़का घर लौटा,
तब उसने अपने दोस्तों को बताया कि वो जंगल में टहलने गया था.
"वहां जाना तो बहुत खतरनाक होगा!" उन्होंने कहा.
"अगर वहां रहने वाली चुड़ैल ने कहीं तुम्हें पकड़ लिया तो?"
लड़का मुस्कुराया. "अब जंगल वाली चुड़ैल जैसी कोई चीज नहीं बची है,"
उसने कहा. "कम-से-कम, अब तो नहीं."



एक छोटा लड़का जंगल में सैर का आनंद ले रहा है –

तभी उसे जंगल की दुष्ट चुड़ैल मिली!

क्या चुड़ैल लड़के का सूप बना पायेगी?